तापमान

अधिकतम 42 .2 डिग्री
न्यूनतम 20 .9 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

अनाजमंडी में किसानों को लगाया जा रहा था चूना 12

छात्र अपने परिजनों और शिक्षकों को बताएं समस्याएं 12

खबर संक्षेप

मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी में एक गिरफ्तार

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने डाहर टोल प्लाजा के पास 7.2 ग्राम स्मैक के साथ रमन पुत्र सीताराम निवासी गांधी कॉलोनी माडल टाउन को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पहले भी नशा तस्करी के थाना माडल टाउन व थाना समालखा में तीन केस दर्ज हैं।

अवैध रूप से शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

पानीपत। थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने सेक्टर 12 की मार्केट के नजदीक खोखे में अवैध रूप से शराब बेच रहे नीरज चावला पुत्र मदनलाल निवासी एनएचबीसी हुडा सेक्टर 11/12 को गिरफ्तार किया और इसके पास से अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर की खेप बरामद की।

हादसे में सिक्योरिटी सुपरवाइजर की मौत

पानीपत। जाटल रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सिक्योरिटी सुपरवाइजर तीस वर्षीय अजय कुमार की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई अरविंद कुमार निवासी गांव सुतना की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज करवाया है।

वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

समालखा। जीटी रोड पर गांव झट्टीपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुक्मचंद निवासी गांव इसराना, जिला पानीपत की मौत हो गई। वहीं, समालखा थाना पुलिस ने मृतक के पुत्र सुजीत की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद हुक्मचंद का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

शराब ठेके पर लूट का दूसरा आरोपी पकड़ा

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने जीटी रोड पर सेक्टर 29 बाइपास स्थित शराब ठेके पर व समालखा व पट्टीकल्याण के बीच स्थित शराब ठेके से हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी फारूख पुत्र सागीर निवासी कप्तान नगर हाल कलंदर पीर को गिरफ्तार किया है।

लिफ्ट लेकर बैठे युवक ने बैग से नकदी निकाली

पानीपत। शहर में लालबत्ती चौक से बाइक सवार सूरज निवासी गांव कुराड जिला से लिफ्ट लेकर बैठे युवक ने बैग से 80 हजार का कैश चुरा लिया। सूरज अपने बेटे की दवाई लेने जा रहा था। जब वह दवाई लेकर पैसे देने लगा तो उसे रुपए गायब मिले। सूरज की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने अज्ञात युवक पर केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी की शिनाख्त के लिए वारदत वाले क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

सभी शिक्षकों को टीचर डायरी ऑनलाइन लिखने के आदेश जारी

गुरुजी की टीचर डायरी होगी ऑनलाइन, एमआईएस के जरिए मिलेगी

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

सरकारी स्कूलों में कार्यरत गुरूजी की टीचर डायरी अब ऑनलाईन होगी। प्रदेश के स्कूलों में कार्यरत सभी शिक्षकों को अपनी टीचर डायरी ऑनलाईन लिखने के आदेश जारी किए गए है। विभाग की ओर से इस बारे में जारी आदेशों में कहा गया है कि 9 अप्रैल से शिक्षकों को टीचर डायरी एमआईएस के माध्यम उपलब्ध करवाई जाएगी।

टीचरों को अपनी डायरी को नियमित आधार पर अपडेट करना होगा, भले ही वह चुनाव, परीक्षा या किसी अन्य ड्यूटी पर हो या फिर वह किसी प्रशिक्षण में भाग ले रहा हो या किसी भी तरह के अवकाश पर हो। उसे हर हाल में अपनी डायरी को एमआईएस पोर्टल पर जाकर उसे अपडेट करना होगा। यह डायरी दैनिक या साप्ताहिक आधार पर लिखी जाएगी।

स्कूलों के मुखिया करेंगे डायरी का अवलोकन

यदि कोई शिक्षक समय पर डायरी सब्मिट नहीं करता है तो उसे अगले 15 दिनों के भीतर उसे अपडेट करने की अनुमति मिलेगी। यह स्कूलों में शिक्षकों द्वारा किए जाने वाले कार्यो में पारदर्शिता लाने के लिए किया गया है। टीचर की डायरी सब्मिट होने के बाद स्कूल के मुखिया इस डायरी का अवलोकन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य हर महीने एक प्रमाण भी प्रस्तुत करेंगे जिसमें यह बताया जायेगा कि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने संबंधित महीने की अपनी टीचर डायरी सब्मिट कर दी है। इसी तरह जिला स्तर के शिक्षा अधिकारी भी अपने विभागीय डैशबोर्ड के माध्यम से शिक्षकों/ विद्यालयों की नियमित निगरानी करेंगे। डायरी लिखने का कार्य पूरा न करने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की भी जाएगी। शिक्षक स्थानांतरण अभियान के दौरान शिक्षकों को डायरी जमा करने की छूट दी जाएगी तो वहीं इसी प्रकार की छूट प्रधानाचार्य को भी मिलेगी। स्कूल मुखिया को कार्य समाप्ति का प्रमाण पत्र जमा करने से छूट दी जाएगी यदि ट्रांसफर में किसी टीचर का स्कूल बदल जाता है तो वह पुराने स्कूल की अपनी एन्ट्री को डी-एक्टिवेट करने के बाद नए स्कूल की एन्ट्री कर सकता है यदि यह कार्य नहीं किया जाता तो उक्त शिक्षक द्वारा की जाने वाली एंट्री उनके वर्तमान स्कूल के प्रिंसिपल को उपलब्ध नहीं होगी।

निदेशालय से पत्र मिला

इस बारे में निदेशालय की ओर से जारी पत्र प्राप्त हो चुका है। इस बारे में सभी शिक्षकों को अवगत करवाया जा चुका है और उन्हें ऑनलाइन टीचर डायरी को लिखने के बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके है।
सुधीर कालड़ा,
डीईईओ, अंबाला।

ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से जत्था रवाना

342 लोगों को मिला पाकिस्तान की धार्मिक यात्रा के लिए वीजा

आज जत्थे को ननकाना साहिब ले जाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह ने दिखाई जत्थे को हरी झंडी

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा खालसा साजना दिवस (बैसाखी) पर हरियाणा की संगत का एक जत्था पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, मैंबर हरमनप्रीत सिंह सलपानी, बीबी जसबीर कौर मसाना, सुखजिंदर सिंह मसाना, गुरनाम सिंह लाडी, पूर्व मैंबर बेअंत सिंह व परमजीत सिंह मक्कड़, हरविंदर सिंह बिंदु ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में गुरु चरणों में अरदास के उपरांत इस जत्थे को रवाना किया।

प्रधान भूपिंदर सिंह असंध ने बताया कि इस बार पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए रिकार्ड तोड 342 वीजे मिले हैं। भारत की केंद्र सरकार और पाकिस्तान दूतावास प्रशासनिक पदाधिकारियों का आभार जताते हुए जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि देश विभाजन की वजह से सिखों के धार्मिक गुरुद्वारा साहिबान पाकिस्तान के दर्शन करने के लिए संगत के लिए नामुकिन साबित हो रहा था। मगर केंद्र सरकार व पाकिस्तान दूतावाज के सहयोग से यह संभव हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि बाघा बार्डर के माध्यम से यह जत्था पाकिस्तान में प्रवेश करेगा। जत्थे को सबसे पहले 10 अप्रैल को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के जन्म अस्थान श्री ननकाना साहिब ले जाया जाएगा। इसके उपरांत 11 अप्रैल को जत्थे में शामिल संगत श्री ननकाना साहिब के आस पास लोकल गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन करेंगे, जबकि 12 अप्रैल को गुरुद्वारा सच्चा सौदा फारूकाबाद पहुंचेगा। यहां गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होने के पश्चात जत्थे को 13 अप्रैल को श्री पंजा साहिब गुरुद्वारा साहिब के दर्शन के लिए लेकर जाया जाएगा। जत्थेदार असंध ने बताया कि 14 अप्रैल को जत्थे में शामिल संगत बैसाखी के प्रमुख खालसा साजना दिवस समागम में शिरकत करेगी। इसके बाद 15 अप्रैल को गुरुद्वारा दरबार साहिब श्री करतारपुर साहिब के दर्शन संगत को करवाए जाएंगें, जबकि 17 अप्रैल को लाहौर में सुशोभित गुरुद्वारा रोडी साहिब गुजरावाला में शीश नवाने के लिए संगत पहुंचेगी। तत्पश्चात संगत गुरुद्वारा डेहरा साहिब लाहौर के दर्शन करेगी। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैक्रेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह ढाचर, उप सचिव रूपिंदर सिंह, अमरिंदर सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, यात्रा विभाग के प्रभारी हरकीरत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

कुरुक्षेत्र पाकिस्तान धार्मिक यात्रा को रवाना करते हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व अन्य।

मुफ्त बस सेवा

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मेंबर हरमनप्रीत सिंह ने बताया कि पहले हरियाणा की सिख संगत को एसजीपीसी द्वारा यह यात्रा करवाई जाती थी, लेकिन सेवा संभाल के बाद से ही हरियाणा कमेटी ने जत्थे को पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए भेजने की व्यवस्था करनी आरंभ कर दी थी। यात्रा विभाग के प्रभारी हरकीरत सिंह ने बताया कि इस जत्थे को बाघा बार्डर तक ले जाने के लिए हरियाणा कमेटी द्वारा निशुल्क बस सेवा की सुविधा मुहैया करवाई गई है।

पीएम रैली स्थल के पास चलाया कांबिंग ऑपरेशन

यमुनानगर। गांव कैल के पास कांबिंग ऑपरेशन चलाती पुलिस।

- 14 अप्रैल को गांव कैल में होनी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली
- वीवीआईपी के आगमन के चलते चलाया गया कांबिंग ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने बुधवार को कमांडो बटालियन व डॉग स्क्वाड के साथ गांव कैल में सभा स्थल व विभिन्न क्षेत्रों में कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया। 14 अप्रैल को गांव कैल में प्रधानमंत्री की रैली होनी है। जिसमें वीवीआईपी का आवागमन होगा। इस कांबिंग ऑपरेशन में एडिशनल एसपी सृष्टि गुप्ता, एसएचओ थाना सदर जगाधरी उप निरीक्षक तरसेम, उप निरीक्षक राजिंदर सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एडिशनल एसपी सृष्टि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव कैल में सभा स्थल व विभिन्न क्षेत्रों में एक कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया। उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर में 14 अप्रैल को वीवीआईपी के आगमन के मध्यनजर यह कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया है। इसमें शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि शरारती तत्व, असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए। लोगों से भी अपील है कि अगर उन्हें लगता है कि उनके यहां पर कुछ गलत हो रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को दे। पुलिस उस पर तुरंत एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस की टीमें काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कांबिंग ऑपरेशन आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे। यह कांबिंग ऑपरेशन जनता में सुरक्षा की भावना को सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया है।

इलाज के लिए आए युवक की इंजेक्शन लगाने पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- युवक के परिजनों ने रोटरी अस्पताल में किया हंगामा

रोटरी अस्पताल में पथरी का उपचार करवाने आए मोहड़ा के 45 वर्षीय जसबीर की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर ही लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

कार्रवाई की मांग करते हुए अस्पताल परिसर में ही जमीन पर बैठ गए। सूचना पाकर अंबाला कैंट थाना प्रभारी अजायब और डीएसपी रमेश कुमार मौके पर पहुंचे और समझाकर परिजनों को शांत करवाया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत से असल कारणों का खुलासा हो पाएगा। परिजनों का आरोप था कि जसबीर को पथरी का दर्द होने के कारण अंबाला छावनी के रोटरी अस्पताल में दोपहर को दाखिल करवाया था। अस्पताल स्टाफ द्वारा इंजेक्शन लगाने के बाद जसबीर की तबीयत अचानक बिगड़नी शुरू हो गई थी। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने चंडीगढ़ पीजीआई के डॉक्टरों से मामले की जांच करवाई की मांग भी उठाई। अंग्रेज कुमार ने आरोप लगाए कि दर्द उठने पर भाई जसबीर को अल्ट्रासाउंड के लिए रोटरी अस्पताल लेकर आए थे। अस्पताल स्टाफ ने बताया कि पथरी का छोटा टुकड़ा निकलकर नली में फंस गया है। टुकड़े को एमआरसीपी द्वारा निकाले जाने की बात कहीं गई थी। पहले तो परिजनों ने पास के गांव से होने के कारण अस्पताल को अगले दिन आने के लिए बोल दिया था। इतने में स्टाफ ने कहा कि वह इंजेक्शन लगा देंगे। भतीजे को पहले तो बाहर से इंजेक्शन लाने के लिए पर्ची दी।

वह सामान लाते रहे। आखिर में फिर अचानक पर्ची लेने के बाद खुद के द्वारा इंजेक्शन लगाने की बात कहीं थी। इंजेक्शन लगाने के बाद उसके भाई की तबीयत बिगड़ती चली गई। 10 मिनट के अंदर हार्ट चलना बंद हो गया था। जसबीर को कोई दूसरी बीमारी नहीं थी।

शव ले जाने के लिए मॉर्चरी के बाहर खड़ी एम्बुलेंस।

बयान दर्ज के बाद कार्रवाई

एसएचओ अजायब सिंह ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अभी तक युवक की मौत की असल वजह सामने नहीं आई है। पुख्ता सबूतों के आधार पर ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

होमगार्ड की मौत के बाद भाई ने हड़पे इंश्योरेंस के 50 लाख रुपये

- होमगार्ड की विधवा पत्नी ने देवर पर लगाया पैसे हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव बकाना निवासी शीनम ने अपने देवर पर उसके पति होमगार्ड की मौत के बाद इंश्योरेंस के 50 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

रादौर के गांव बकाना निवासी शीनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 अक्टूबर 2019 में उसकी शादी होमगार्ड सोहन के साथ हुई थी। उसने बताया कि उसके पति का बैंक खाता एचडीएफसी बैंक में था। जिसका नॉमिनी उसका देवर मोहन सिंह है। वह मोहाली में रहता है। पिछले साल सात फरवरी को अचानक ड्यूटी के दौरान उसके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उसने अपने देवर मोहन से नॉमिनी में उसका नाम लिखाने के लिए कहा। उसके देवर ने हां कर दी। आरोपी ने उसे विश्वास दिलवाया कि वह उसे उसके पति के बैंक खाते में आने वाली इंश्योरेंस की रकम भी दिला देगा, लेकिन मोहन सिंह के मन में लालच आ गया और उसने नॉमिनी से अपना नाम नहीं हटवाया।

मिलीभगत का आरोप

काफी महीनों तक जब उसका नाम नॉमिनी में नहीं चढ़ा तो उसने बैंक में आरटीआई लगा कर जानकारी मांगी तो पता चला कि उसके पति सोहन के बैंक खाते की रकम व इंश्योरेंस की रकम मिला कर कुल 50 लाख रुपये का भुगतान मोहन सिंह को कर दिया गया है। उसने आरोप लगाया कि इसमे बैंक मैनेजर की भी मिलीभगत है। उसने इस बारे अपने देवर से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

यात्रा को लेकर अधिकारियों की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश

साइक्लोथॉन यात्रा का 18 को होगा जिले में स्वागत

- अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन यात्रा के यमुनानगर में पहुंचने को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। उन्होंने अधिकारियों को साइक्लोथॉन यात्रा को लेकर दिशा निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि ड्रग्स फ्री यात्रा का जिला में 18 अप्रैल को रादौर में जनभागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में अधिक से अधिक युवाओं को भागीदार बनाने के लिए सभी खेल प्रशिक्षकों, खेल अकेडमी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे खिलाड़ियों के साथ साथ स्वयं का भी पंजीकरण करें। साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है।

यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में साइक्लोथॉन यात्रा के बारे में दिशा निर्देश देते हुए एडीसी नवीन आहूजा।

यात्रा में लें भाग : आहूजा

एडीसी ने ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूल, एनजीओ, विभिन्न संस्थाओं, नशा मुक्ति केंद्र और युवाओं से ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल होकर इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन 18 अप्रैल को जिला में प्रवेश करेगी और जिला में रात्रि विश्राम के उपरान्त यह यात्रा 19 अप्रैल को जगाधरी से अंबाला जिले के नारायणगढ़ में प्रवेश करेगी। साइकिल पर सवार युवा जिला वासियों को नशे के खिलाफ संदेश देंगे। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता, सचिव रैडक्रॉस रणदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

युवाओं से अपील

एडीसी ने विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे जिला से अधिक से अधिक भागीदारी के लिए पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें। साइक्लोथॉन में शामिल होकर हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुंचाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुंचाना है और इसके लिए स्थानीय युवाओं, छात्रों, खिलाड़ियों और सामाजिक धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाएगा।

दो नाबालिग लड़कियों को शादी का झांसा देकर किया अगवा

- पुलिस ने आरोपी दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया

यमुनानगर। जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने नाबालिग लड़कियों को शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की छह अप्रैल को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। जांच करने पर उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव का ही प्रिंस शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उधर, रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि आठ अप्रैल को वह किसी काम से बाहर गया था। घर पर उसकी 17 वर्षीय लड़की अकेली थी। जब वह घर लौटे तो उन्हें घर से लड़की गायब मिली।

शक्ति भक्ति सेवा को समर्पित हनुमान जन्मोत्सव 12 को

- इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा के लिए दो शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदू धर्म में हनुमान जयंती का विशेष महत्व है। साथ ही यह दिन बजरंगबली को समर्पित होता है। वहीं यह दिन हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। बजरंगबली को शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक माना जाता है। हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जयंती को मनाने की परंपरा है। मान्यता है जो व्यक्ति इस दिन व्रत रखकर हनुमान जी की उपासना करता है, उनके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। इस साल हनुमान जयंती का पर्व 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक रामराज कौशिक ने बताया कि धर्म ग्रंथों के अनुसार हनुमान जी ही एक ऐसे देव हैं जो आज भी पृथ्वी पर मौजूद हैं। इसलिए हनुमान जंयती के दिन बजरंगबली की पूजा- अर्चना करने से बल और बुद्धि की प्राप्ति होती है।

रामराज कौशिक

ये है मुहूर्त समय

वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 03 बजकर 20 मिनट पर होगी। अगले दिन सुबह 05 बजकर 52 मिनट पर इसका अंत होगा। इसलिए हनुमान जयंती 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा के लिए दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। पहला मुहूर्त 12 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 34 मिनट से सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक है। इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 46 मिनट से लेकर रात 8. 8 मिनट तक रहेगा।

खबर संक्षेप

योग क्रियाओं की दी विस्तृत जानकारी

रादौर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में बुधवार को योग से संबंधित व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता पतंजलि योग समिति रादौर के तहसील प्रभारी अमित कांबोज ने सभी का मार्गदर्शन किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ.माला शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया।

अमित कांबोज ने विद्यार्थियों को योग की अलग-अलग गतिविधियों का अभ्यास करवाया। जिसमें प्राणायाम, शीर्षासन, मयूरासन, त्रिकोण आसन अन्य आसन कराए गए। प्राचार्य डॉ.माला ने कहा कि योग का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। योग हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों की देन है। योग हमारे शरीर के लिए एक औषधि का काम करता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है और हमारे मन को शांति प्रदान करता है। प्रो.रजनीश ने भी विद्यार्थियों को योग को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

प्रदेश के परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

पीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर अनिल विज ने कार्यक्रम स्थल का किया दौरा

- प्रधानमंत्री मोदी दीनबंधु छोटूराम थर्मल प्लांट की 800 मेगावाट क्षमता की तीसरी यूनिट का करेंगे शिलान्यास
- पीएम का रूट प्लान तैयार वीआईपी टॉयलेट व मीडिया सेंटर की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। पीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मंत्री अनिल विज।

हरियाणा के परिवहन, श्रम एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बुधवार को प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी में प्रस्तावित दौरे को लेकर यमुनानगर में कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों की बैठक ली व प्रबंधों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को कार्यक्रम में आने वाली जनता के लिए पीने के पानी, शौचालय,पार्किंग स्थल, सुरक्षा एवं बैठने की व्यवस्था के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पीएम रूट प्लान, वीआईपी टॉयलेट, मीडिया सेंटर की व्यवस्था व मीडिया सेंटर में स्थापित होने वाले उपकरणों, मंच पर बैठने की व्यवस्था इत्यादि विषयों पर विस्तार से अधिकारियों से चर्चा की।

प्रदेश में बिजली उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी: विज

मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी दीनबंधु छोटूराम थर्मल प्लांट की 800 मेगावाट क्षमता की तीसरी यूनिट का शिलान्यास करने यमुनानगर पहुंच रहे हैं। इससे प्रदेश में बिजली बनाने की क्षमता में वृद्धि होगी। इस यूनिट के स्थापित होने से प्रदेश को काफी फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि यह सुपर क्रिटिकल थर्मल यूनिट स्थापित की जाएगी। यह अत्याधुनिक तकनीक है इससे प्रदूषण भी कम होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा ही एक प्लांट खेदड़ व दो प्लांट पानीपत में लगाने की तैयारी सरकार द्वारा की जा रही है। इन थर्मल यूनिटों से हमारी बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और बाहर से बिजली लेने की निर्भरता कम होगी।

ये रहे मौजूद

परिवहन मंत्री अनिल विज के साथ इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्युत अपूर्व कुमार सिंह, अम्बाला रेंज के आईजी सिबाश कविराज, बिजली उत्पादन निगम के एमडी अशोक मीणा,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिला, जगाधरी के एसडीएम सोनू राम मौजूद रहे।

यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में पहले दिन पहुंचे बच्चे।

बच्चों में आत्मविश्वास जगाना अच्छे संस्कार देना मुख्य उद्देश्य

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की गई। बच्चों की विभिन्न गतिविधियां करवाई गई जिनका सभी बच्चों ने खूब आनंद उठाया।

नए सत्र की शुरूआत प्रार्थना सभा के साथ हुई। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या तोशल वाधवा ने सभी बच्चों व अध्यापकों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल का उद्देश्य बच्चों को सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन के मूल्यों से सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि हम हर बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

छात्रों का स्कूल में गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें उनकी कक्षाओं तक मार्गदर्शन के साथ ले जाया गया। स्कूल के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए परिचयात्मक गतिविधियाँ, कहानियाँ और खेल आयोजित किए गए। जिससे बच्चे सहज महसूस कर सकें।

विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि यह स्कूल केवल एक इमारत नहीं, बल्कि एक सपना है। जिसे साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहाँ शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के नैतिक और सामाजिक मूल्यों का भी विकास हो।

रादौर के कॉलेज मार्ग पर गंदगी के ढेर से लोग परेशान, नपा से उठाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर। कस्बे में पड़ी गंदगी को दिखाते हुए स्थानीय लोग।

रादौर के कॉलेज मार्ग पर गंदगी के ढेर पड़े होने से लोगों व स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के ढेर पड़े होने से क्षेत्र में बदबू फैलने से लोगों का जीना दुर्भर बन गया है। लोगों ने नपा प्रशासन से गंदगी के ढ़ेर उठवाकर साफ सफाई करवाए जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी मायाराम, सुरेश, जय सिंह,मोनू, अशोक कुमार,जीत सिंह, प्रदीप शर्मा, वीना, पुष्पा, बिमला रानी,संदीप प्रजापत,हरीश सैनी,जय भगवान, रामकुमार व सचिन पाल ने कॉलेज रोड़ पर कई शिक्षण संस्थाएं हैं। लेकिन हर समय गंदगी के लंबे समय से ढेर लगे हैं। जिससे गर्मी में मच्छर मक्खी से लोग परेशान हैं। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि शहर में सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन फिर भी हालात नहीं सुधर रहे हैं। वार्ड नंबर पांच में पिछले कई दिनो से डोर टू डोर की ट्राली न आने से क्षेत्र वासियों में नपा की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है।

सफाई व्यवस्था को करवाया जाएगा दुरुस्त

नपा रादौर के सचिव सुरेंद्र मलिक का कहना है कि यह समस्या मेरे संज्ञान मे नही है। सफाई व्यवस्था को लेकर नगरपालिका की ओर से कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही गंदगी को उठवाया जाएगा।

जिले में दो स्थानों पर महिलाओं के साथ स्नेचिंग की वारदात हुई

- एक महिला के गले से चेन तो दूसरी के कान से झपटी बाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। इसके बावजूद भी स्नेचर घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूक रहे। जिले में अलग-अलग स्थानों पर स्नेचरों ने दो महिलाओं को निशाना बनाकर सोने की चेन व बाली छीन ली। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात स्नेचरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रोफेसर कॉलोनी निवासी डॉ. जसलीन कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोपहर के समय अपनी दुकान शॉप द गार्डन किंगडम पर बैठी थी। अचानक एक सब्जी वाला आया तो वह दुकान से बाहर आकर सब्जी लेने लगी। तभी बाइक सवार दो लड़के आए और झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन झपट ली। उसने शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव अलावलपुर निवासी जगीरो देवी ने रादौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वह गांव भोगपुर में किसी काम से आई थी। इस दौरान बाइक सवार एक व्यक्ति ने उसके कान से सोने की बाली झपट ली और मौके से फरार हो गया। शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपी को पीछा किया मगर आरोपी भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

डीएवी गर्ल्स कॉलेज की वाणी ने जीती पांच लाख की स्कॉलरशिप व लेपटॉप

- प्रदेश के 1300 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज बीएससी मेडिकल अंतिम वर्ष की छात्रा वाणी पुंडीर ने पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित राष्ट्रस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। विजेता को पांच लाख 44 हजार की स्कॉलरशिप, लेपटॉप व सर्टिफिकेट से नवाजा गया है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ सुरिंद्र कौर ने इस उपलब्धि विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनीता कौशिक, टीचर्स व विजेता प्रतिभागी को बधाई दी।

डॉ. सुनीता कौशिक ने बताया कि संभालखा स्थित पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पाइट राष्ट्रस्तरीय क्वेस्ट प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्राध्यापिका डॉ. मनमीत कौर, सारिका व हर्ष शर्मा के नेतृत्व में टीम को भेजा। बीएससी मेडिकल अंतिम वर्ष की छात्रा वाणी पुंडीर, बीएससी नॉन मेडिकल द्वितीय वर्ष की तान्या, बीएससी बायोटेक अंतिम वर्ष की अदिति, बीएससी नॉन मेडिकल प्रथम वर्ष की छात्रा महक व वंशिका शामिल रहीं। इसमें प्रदेश से 1300 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्राओं से साइंस के अलावा पर्यावरण, फिल्म, करेंट अफेयर्स के अलावा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में तान्या, अदिति महक व वंशिका ने सेमीफाइनल व वाणी फाइनल तक पहुंची व प्रथम स्थान प्राप्त किया।

चोरों ने दो सूने घरों से नकदी आभूषण व सामान चुराया

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

चोरों ने ट्विन सिटी में दो सूने घरों को निशाना बनाकर नकदी समेत आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की खड्डा कॉलोनी निवासी सलमान ने पुलिस चौकी हमीदा में शिकायत देकर बताया कि वह बैग बनाने का काम करता है और दो अप्रैल को परिवार के साथ रिश्तेदारी में देहरादून गया था। देर शाम जब घर पहुंचा तो मेन गेट का ताला लगा हुआ था जबकि अंदर रसोई का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे 30 हजार नकद व कुछ जेवर गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रलाहदपुरी कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने बताया कि सात अप्रैल को वह किसी काम से बाहर गया था। शाम को वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर 25 हजार रुपये, फ्रीज, बर्तन, मोबाइल गायब मिले। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शैक्षणिक भ्रमण में फॉर्मेसी विद्यार्थियों को इंजेक्शन निर्माण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) के फार्मेसी के विद्यार्थियों ने हिमाचल के पांवटा साहिब (किशनपुरा) में स्थित मैनकाइंड फार्मा यूनिट का शैक्षणिक भ्रमण कर ओन्डैनसेट्रॉन समेत अन्य संयोजन से बने इंजेक्शन निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कंपनी प्रबंधन की भी जानकारी प्राप्त की।

प्राचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मैनकाइंड फार्मा के वाइस प्रेसीडेंट ऑपरेशन सुभाष बैद्य के मार्गदर्शन में कंपनी प्रबंधन ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस दौरान कंपनी प्रबंधन ने विद्यार्थियों अपने आधुनिक उत्पादन संयंत्र का विस्तारपूर्वक भ्रमण करवाया। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान ओन्डैनसेट्रॉन इंजेक्शन और मेकोबेलामिन, पाइरीडॉक्सिन हाइड्रोक्लोराइड तथा नियासिनामाइड के संयोजन से बने इंजेक्शन के निर्माण को प्रत्यक्ष रुप से जानकारी ली।

इस व्यावहारिक अनुभव से उन्हें नसों में दिए जाने वाले इंजेक्शनों की निर्माण प्रक्रिया जैसे संक्रमण रहित निर्माण, स्टेराइल फिल्ट्रेशन, वायल में भराई, सीलिंग, लेबलिंग और साफ. सुथरे कमरे (क्लीनरूम) के संचालन की विस्तृत जानकारी ली। विशेषज्ञों ने गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता सुनिश्चितता विभागों की कार्यप्रणाली, पर्यावरण परीक्षण, प्रक्रिया सत्यापन और नियामक दस्तावेजों के प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने आसान पैकेजिंग वाली स्वचालित मशीनों और नई तकनीकों को भी ध्यान से देखा।

अन्याय के खिलाफ बहुजन समाज उठा रहा आवाज: डॉ. निर्मल

यमुनानगर। हरियाणा के जिला पंचकूला के गांव मौली में गत दिनों दो समुदायों के बीच हुए कथित विवाद पर चिंता जताई है। उन्होंने बुधवार को कैंप में आयोजित प्रैसवार्ता में मौली गांव में दलित समुदाय के युवक के साथ दूसरे समुदाय के व्यक्तियों द्वारा किए गए कथित व्यवहार की कड़ी निंदा की।

डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि मौली गांव में दो समुदायों का विवाद सामाजिक व राजनैतिक रुप लेने लगा है। बहुजन समाज पार्टी ने समाज में सामाजिक समरसता बनाए रखने को लेकर दशकों से प्रयास किया है। यह प्रयास साहेब कांशीराम और बसपा की सुप्रिमो बहन मायावती की दुरदृष्टि और संघर्ष का ही परिणाम है कि आज बहुजन समाज खुलकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रहा है।

युवक ने रास्ता रोक की छेड़छाड़ रोकने पर एसिड फेंकने की धमकी

- पीड़िता ने डीजीपी को की शिकायत, पुलिस पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की आजाद नगर कॉलोनी में एक युवक ने महिला का रास्ता रोककर उससे छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी उस पर एसिड फेंकने की धमकी देता है। नजदीक पुलिस चौंकी में शिकायत करने पर आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने इसकी शिकायत डीजीपी को दी। बाद में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय महिला ने बताया कि उनकी कॉलोनी का ही तुषार नामक युवक उसे रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ करता है। आरोपी उस पर गलत कमेंट करता है। जब वह आरोपी का विरोध करती है तो वह उस पर एसिड फेंकने की धमकी देता है। आरोपी ने उस पर कई बार पत्थर भी फेंके। जिससे उसके बच्चों को चोट आई है। पीड़िता ने बताया कि जब उसने आरोपी युवक के पिता को शिकायत की तो उसने उसे कोर्ट में देख लेने की धमकी दी। महिला ने बताया कि उसने आरोपी के खिलाफ नजदीक की पुलिस चौंकी में शिकायत दी। मगर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने डीजीपी को शिकायत दी। डीजीपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी तषार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

टेक्निकल फेस्ट टैक हंट में उपासना मिस गूगल तो मोक्ष बने मिस्टर गूगल

- ज्योतिबा फुले कॉलेज रादौर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

यमुनानगर। रादौर में आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक।

ज्योतिबा फुले कॉलेजत में बुधवार को कंप्यूटर डिपार्टमेंट ने टेक्निकल फेस्ट टैक हंट-2025 का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर उपासना मिस गूगल व मोक्ष शाक्य मिस्टर गूगल चुने गए।

टेक्निकल क्विज असिस्टेंट प्रो. रितु नरवाल की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में आठ टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में तीन छात्राएं शामिल रही। प्रतियोगिता के पहले इवेंट में राहुल बीसीए थर्ड ईयर, सेकंड ईयर से मनीष और बीसीए फर्स्ट ईयर से पारुल की टीम विजेता बनी। दूसरा इवेंट कोड डीबगिंग असिस्टेंट प्रोफेसर रितु बेनीवाल की देखरेख में हुई। जिसमें प्रथम स्थान निकिता, नितीश ने दूसरा व बलप्रीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह में तीसरी प्रतियोगिता मिस गूगल व मिस्टर गूगल को असिस्टेंट प्रोफेसर रीना रानी की देखरेख में करवाया गया। प्रतियोगिता के विजेता मिस गूगल बीसीए सेकंड ईयर से उपासना व मिस्टर गूगल मोक्ष शाक्य को प्राचार्य डॉ.राजेंद्र कुमार, प्रो. डॉ.संजय गांधी व प्रो. सतपाल ने सम्मानित किया।

हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

वीर हनुमाना...भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। निकाली गई प्रभात फेरी में झूमते हुए व प्रभात फेरी की झांकी में भगवान हनुमान की आरती करते हुए श्रद्धालु।

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी यमुनानगर में 12 अप्रैल को भगवान श्री हनुमानजी के जन्म उत्सव को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा । इस संबंध में श्रद्धालुओं को जन्मोत्सव में आमंत्रित करने को लेकर नगर में प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं। बुधवार को निकाली गई प्रभातफेरी में श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे और भगवान श्री हनुमान का गुणगान किया।

बुधवार तड़के प्रभात फेरी का शुभारंभ श्री हनुमान मंदिर से हुआ। आचार्य शारदा मिश्रा ने पूजा अर्चना करवाकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। यह प्रभात फेरी रामपुरा कॉलोनी से होते हुए नगर के विभिन्न इलाकों से होती हुई श्रद्धालु लक्ष्य दत्ता के निवास स्थान पर पहुंची। इस दौरान छम छम नाचे वीर हनुमाना...भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। श्रद्धालु भजनों पर झूमे व पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

11 अप्रैल तक आयोजन

मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने बताया कि मंदिर कमेटी द्वारा नगर में गत 8 अप्रैल से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल तक प्रभातफेरियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को सुबह के वक्त पहले सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके बाद भजन कीर्तन का आयोजन होगा। जिसमें कई भजनिक व महिला कीर्तन मंडली की सदस्य अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। वहीं, बाद में प्रभु इच्छा अनुसार भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मौके पर स्वीटी शर्मा,रोशन लाल पप्पू, सोम प्रकाश ओबेरॉय व इंदर राज दत्ता आदि मौजूद रहे।

गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि की चहुंओर हो रही निंदा

■ उपभोक्ता बोले, रसोई बजट पर महंगाई का वार, 850 रुपये के पार हुआ गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस के सिलेंडर में 50 रुपये की बढ़ोतरी से चहुंओर हाहाकार मचा हुआ है। विशेष कर महिलाओं ने केंद्र सरकार के इस फैसले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह रसोई पर सबसे बड़ी महंगाई की मार है। गृहणियों का कहना है कि पहले ही महंगाई चरम सीमा पर है और ऊपर से रसोई गैस के सिलेंडर के दाम बढ़ाने का काम किया गया है जो कि इस बात को दशार्ता है कि केंद्र सरकार को जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है।

गैस के दाम बढ़ना उपभोक्ताओं के हितों पर कुठाराघात : गोयल

आप पार्टी लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल ने रसोई गैस के दाम में बढ़ोतरी को उपभोक्ताओं के ऊपर कुठाराघात बताया है। उन्होंने कहा कि पहले ही रसोई रसोई के काम आने वाले चीजों के दाम आसमान को छू रहे हैं और ऊपर से अब रसोई गैस के सिलेंडर के दाम बढ़ाकर आर्थिक बोझ डालने का काम किया गया है।

रसोई के बजट पर महंगाई का वार : बवेजा

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि सीधे तौर पर करोड़ों परिवारों के रसोई बजट पर वार है। उनका कहना है कि ये निर्णय उस समय लिया गया जब आम जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है। महंगाई के चलते आज हालात ऐसे हो गए हैं कि आम आदमी के लिए रोटी का जुगाड़ भी मुश्किल बन गया है।

भाजपा की नीतियां जनविरोधी : सुदेश चौधरी

पूर्व नगर पार्षद सुदेश चौधरी ने कहा कि रसोई गैस के सिलेंडर में बढ़ोतरी पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां जनहित की बजाय जनविरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर भाजपा टैक्स रहित बजट पेश करने के दावे कर रही है और बाद में चीजों के रेट बढा रही है, जिससे भाजपा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उपभोक्ताओं की उम्मीदों को लगा झटका : सुरेंद्र

कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बार-बार रसोई गैस के सिलेंडर के दाम बढ़ाने का काम कर रही है जो कि जनता के हितों के खिलाफ है। उनका कहना है कि जब पहले ही महंगाई आसमान को छू रही है। उपभोक्ता तो दामों में कमी की अपेक्षा कर रहे थे लेकिन सरकार ने लोगों की उम्मीदों को भारी झटका दिया है।

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य दिवस पर ऑनलाइन शत्र आयोजित

कुरुक्षेत्र। यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। इस वर्ष का प्रमुख विषय था तंबाकू मुक्त कुरुक्षेत्र। यह सत्र डॉ. सुषमा शर्मा कन्वीनर, यूएसएफ कुरुक्षेत्र के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस सत्र के मुख्य वक्ता विजय पनेजा, समन्वयक, सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र रहे। उन्होंने टीबी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके प्रमुख लक्षण, कारण, और समय पर इलाज के महत्व पर रोशनी डाली।

श्रीदक्षिणा काली पीठ में रामचरित मानस पाठ 12 को

पिहोवा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री दक्षिणा काली पीठ मॉडल टाउन पिहोवा में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए पीठ के स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि पीठ के श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज की अध्यक्षता में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारी चल रही है। 11 अप्रैल शुक्रवार को राम चरित्र मानस का पाठ रखा जाएगा, जिसका 12 अप्रैल दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे भोग डाला जाएगा।

अवैध चिट्टे का कारोबारी धरा, केस दर्ज

कुरुक्षेत्र। हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी लगातार सफलताएं पा रही है। इसी कड़ी में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की कुरुक्षेत्र यूनिट ने कृष्णा गेट थाना एरिया से अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को 52.10 ग्राम हेरोइन/चिट्टे सहित गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई।

स्योंसर, बाखली, मुर्तजापुर में पहुंची शिक्षा रथ यात्रा

कुरुक्षेत्र। निपुण हरियाणा के अंतर्गत गाँव-गाँव जन-जन तक सरकारी विद्यालयों में दाखिला बढ़ाने की मुहीम को साकार करने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक की आगवानी में शुरू की गई शिक्षा रथ यात्रा पेहवा खण्ड के गाँव स्योंसर, बाखली, मुर्तजापुर और संधौली पहुंची जिसमें सारथी अध्यापकों जितेन्द्र, महावीर आत्रे, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, रमेश कुमार और विजय पंघाल शिक्षा रथ सारथी बनकर विभागीय सन्देश लेकर गए।

एक राष्ट्र एक सदस्यता के उद्देश्य बारे किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय द्वारा कम्प्यूटर लैब में शोध छात्रों के लिए एक राष्ट्र एक सदस्यता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ चेतन शर्मा, ने शोधार्थियों को एक राष्ट्र एक सदस्यता के प्राथमिक उद्देश्य के बारे में जागरूक किया।

गेहूं की फसल का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार: सांसद जिंदल

■ सांसद नवीन जिंदल ने बुधवार को अनाज मंडी में गेहूं खरीद के प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज. लाडवा।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि किसानों की गेहूं की फसल का दाना दाना सरकार द्वारा खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि मंडियों में गेहूं की खरीद के 48 से 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातों में भुगतान कर दिया जाएगा, जिससे उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। सांसद नवीन जिंदल बुधवार को अनाज मंडी में गेहूं के खरीद प्रबंधों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों से मिलकर उन्हें खरीद में आ रही दिक्कतों के बारे में भी पूछा। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए किसानों का सहयोग करें और आपस में मिलजुल कर सीजन को व्यवस्थित ढंग से निपटाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंडियों में बारदाने की उचित व्यवस्था, साफ-सफाई, और पेयजल जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने लाडवा में सक्रिय सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

सरकार आमजन मानस को सहूलियत देने के लिए कर रही कार्य : सीएम सैनी

■ मुख्यमंत्री ने लाडवा विधानसभा में सुनी आमजन व कार्यकर्ताओं के मन की बात

■ कार्यकर्ताओं के संघर्ष के कारण ही प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति के साथ कर रही है विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आमजन मानस को सहुलियत देने के लिए 24 घंटे कार्य कर रही है। इस देश व प्रदेश में समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्या और सोच को जहन में रखकर जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार की जा रही है। इन योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान हो रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को देर सायं लाडवा के एक निजी पैलेस में भाजपा की तरफ से आयोजित सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा पशुधन विकास निगम के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, प्रदेश सचिव राहुल राणा ने भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और दीप शिखा प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा हल्का के कार्यकर्ताओं व आमजन के मन की बात को सुना। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी,मुख्यमंत्री ने कहा कि एक-एक व्यक्ति की समस्या का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केन्द्र और प्रदेश की तमाम योजनाओं को सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा और कहा कि सरकार की एक-एक योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सक्रिय कार्यकर्ता का मुख्य दायित्व है। इस प्रदेश में जिस प्रकार भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने संघर्ष से ट्रिपल इंजन की सरकार को बनाया है,ठीक उसी प्रकार इस ट्रिपल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपए की सौगात देने के लिए हरियाणा में आ रहे है। प्रधानमंत्री हिसार में एयरपोर्ट का उदघाटन और यमुनानगर में 800 मैगावाट के थर्मल प्लांट का शिलान्यास सहित अनेक परियोजनाओं की सौगात देंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबका साथ सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को आधार बना कर ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कार्य करवाएंगी। इस प्रदेश के सभी हल्कों में छोटी और बड़ी परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पूरा खाका भी तैयार कर लिया गया है। इस प्रदेश के हर व्यक्ति को खुशहाल बनाने की सोच लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही आमजन की एक-एक समस्या को तब्बजो देकर सरकार समाधान कर रही है। इस सरकार के कार्यकाल में आमजन को अपनी समस्या लेकर चंडीगढ ना आना पडे इसके लिए जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सप्ताह में 2 दिन समाधान शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगरपालिका की अध्यक्षा साक्षी खुराना, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, मंडल अध्यक्ष लाडवा शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बाबैन विकास जालखेडी, गुढा से नरेन्द्र दबखेडा, पिपली से अमरेन्द्र सिंह,महामंत्री जसविन्द्र सिंह सैनी, डा. गणेश दत्त, प्रदीप सहगल, अनिल गुप्ता,सोहन लाल रामगढ रोड, सतप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

भाजपा विश्व का सबसे मजबूत संगठन : जिंदल

भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद नवीन जिंदल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे मजबूत संगठन है और एक-एक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से अपनी भूमिका अदा कर रहा है। भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में सक्रिय कार्यकर्ताओं ने चुनावों में खूब संघर्ष किया। इस संघर्ष ने एक नए इतिहास को जन्म दिया और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन भाजपा नेता डा. गणेश दत्त ने किया।

जीवन प्रबंधन की समग्र शिक्षा का सार समाहित है गीता में : स्वामी ज्ञानानंद

श्रीमद्भगद्गीताः विज्ञान व जीवन प्रबंधन विषय पर हुई कार्यशाला

कुरुक्षेत्र। कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा है कि जीवन प्रबंधन की समग्र शिक्षा का सार गीता में समाहित है। गीता की शिक्षा आज के आवश्यकताओं के अनुरूप है। जो मनुष्य की बुद्धि को जागरूक रखें और क्या करना चाहिए और क्या करना है, क्या नहीं करना है, उसमें जो भेद बताए वह गीता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत करने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरूप श्रीमद्भगवद्गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि इसमें मानव जीवन की समस्याओं का समाधान मिलता हैं। यह उद्गार पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के संरक्षण में यूआईईटी संस्थान द्वारा श्रीमद्भगद्गीताः विज्ञान, आधुनिक शिक्षा व जीवन प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले कार्यशाला का शुभारम्भ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कुवि गीता पर करेगा बीए गीता स्टडीज प्रोग्राम की शुरूआत : सचदेवा

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गीता के दिव्य ज्ञान को शोध, पाठ्यक्रम एवं संवादों के माध्यम से शिक्षा के हर स्तर पर पहुचाने की आवश्यकता है ताकि अगली पीढ़ी तकनीकी के साथ आत्मिक रूप से भी समृद्ध हो। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जल्द ही बीए गीता स्टडीज प्रोग्राम को गीता संस्थान के साथ शुरू करेगा तथा भविष्य में पीजी एवं पीएचडी के स्तर पर भी ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केयू ने वेल्यू एडिड कोर्स के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप गीता ज्ञान संस्थान के साथ एमओयू भी किया है। कुलपति ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने एनईपी 2020 को पूरे देश में सबसे पहले यूजी व पीजी प्रोग्राम्स में सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है।

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की डीन ऑफ कॉलेज बनी प्रो. आशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर वैध करतार सिंह धीमान के निदेर्शानुसार शालाक्य तंत्र विभाग की प्रोफेसर डॉ.आशु को आगामी 2 वर्षों के लिए डीन ऑफ कॉलेज नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नए दायित्व देने पर प्रोफेसर डॉ. आशु ने कुलपति प्रोफेसर वैध करतार सिंह धीमान का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. आशु ने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है, वह पूरी निष्ठा के साथ उसका निवर्हन करेंगी। इस मौके पर नवनियुक्त डीन ऑफ कॉलेज डॉ.आशु को कुलसचिव प्रोफेसर बृजेंद्र सिंह तोमर, निदेशक आईक्यूएसी प्रोफेसर डॉ. अमित कटारिया, प्रॉक्टर प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला, प्रोफेसर डॉ. शंभू दयाल शर्मा, डॉ. पीसी मंगल, डॉ. राका जैन, डॉ. सचिन शर्मा, उप कुलसचिव विकास शर्मा आदि रहे।

तीन दिवसीय बरसी समागम संपन्न

■ बाबा मान सिंह की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन

■ समागम में रागी ढाडी कविशरी जत्थों और कथावाचकों ने संगत को गुरबाणी से निहाल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार जुरासी में ब्रह्मलीन संत बाबा मान सिंह की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय बरसी समागम बुधवार को संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में दूर दराज से पहुंची संगत ने संत बाबा मान सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद संत महात्माओं के विचारों को सुना। संत समागम में बाबा मणि सिंह ने कहा कि सांसारिक सुखों का त्याग कर अपने जीवन को मानवता की सेवा में लगाने वाला व्यक्ति ही सच्चा संत होता है। दिवंगत संत बाबा मान सिंह का जीवन इसका प्रत्यक्ष प्रमाण रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग धरती पर ईश्वर के भेजे हुए दूत होते हैं। समागम में रागी ढाडी कविशरी जत्थों और कथावाचकों ने संगत को गुरबाणी से निहाल किया। विभिन्न संप्रदायों के संत महात्माओं और सिख विद्वानों ने संत बाबा मान सिंह के जीवन से लोगों को रूबरू कराया। इस अवसर पर बलविंदर सिंह जीरकपुर, चरणजीत सिंह चंडीगढ़, मनमोहन सिंह बटाना वाला, संत अमरीक सिंह बनीवाला, बाबा सुरजीत सिंह, बाबा बलविंदर सिंह ज्योति स्वरूप वाले, बाबा लाल सिंह जालंधर वाले, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, डॉ. मनदीप सिंह आदि रहे।

जयराम संस्थाओं में श्रीहनुमान जयंती का होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज. थानेसर।

कुरुक्षेत्र। जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी।

देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से भगवान श्रीराम के परम भक्त वीर हनुमान के जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को कुरुक्षेत्र स्थित श्री जयराम विद्यापीठ सहित देश की सभी जयराम संस्थाओं में श्रीहनुमान जयंती के अवसर पर विशेष पूजन होगा। कुरुक्षेत्र में श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जयंती के अवसर पर विश्व शांति एवं सर्व कल्याण की कामना से जयराम संस्थाओं में श्री हनुमान जयंती पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्रीहनुमान जयंती के कार्यक्रम को भव्य तैयारी की जा रही है। सिंगला ने बताया कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र जयराम विद्यापीठ में श्री हनुमान जयंती पर मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य मंदिर में पूजन एवं अनुष्ठान होगा।

टिप्पणी 12 अप्रैल को महाराणा सांगा जयंती पर आगरा में आयोजित होगा रक्त स्वाभिमान सम्मेलन

रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में कुरुक्षेत्र से भारी संख्या में लोग बढ़-चढ़कर लेंगे भाग : महेंद्र

सर्व जातीय समाज ने रामजी लाल सुमन के राज्यसभा में राणा सांगा के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। बैठक को संबोधित करते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह तंवर।

सर्व जातीय समाज की बैठक का आयोजन बार रूम के पुरुष हॉल में किया गया। बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं व समाज के मौजिज लोगों ने रामजी लाल सुमन द्वारा राज्यसभा में राणा सांगा के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर रोष जताया। बैठक की अध्यक्षता बार के प्रधान धर्मेंद्र अत्री ने की। बैठक में मौजूद अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्टीय अध्यक्ष एवं बार के पूर्व प्रधान एडवोकेट महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि 12 अप्रैल को हिन्दू सनातन सभा द्वारा आगरा में महाराणा सांगा जयंती के उपलक्ष्य में रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में देश भर से हर समाज के लोग जुटेंगे। उन्होंने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र से भी क्षत्रिय एवं सर्वजातीय समाज के लोग भारी संख्या में सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। एडवोकेट महेंद्र तंवर ने बताया कि राणा सांगा ने विदेशी आक्रांताओं को दौड़ा-दौड़ा कर हराया और विदेश तक अपनी सीमाएं बढ़ाई। उन्होंने कई युद्ध लड़े। इसमें उनको अपना एक हाथ, एक पैर और एक आंख खोनी पड़ी। इसके साथ ही उनके शरीर पर 80 घाव थे। इतना सब होने के बाद भी उन्होंने युद्ध में बाबर जैसे मुगल शासक को पसीना ला दिया था। यहीं नहीं वे देश के अंतिम नरेश थे, जिनके नेतृत्व में राजपूत विदेशियों से एक साथ लड़े। महेंद्र तंवर ने बताया कि महापुरुष किसी एक जाति धर्म के नहीं होते वे सभी वर्गों के होते हैं। ऐसे में राणा सांगा के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर समाज के सभी वर्गों में रोष है। बार के अध्यक्ष धर्मेंद्र अत्री ने कहा कि सांसद ने राणा सांगा के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है। उनकी टिप्पणी निंदनीय और अस्वीकार्य है। इससे राष्ट्रवादियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। एक जनप्रतिनिधि द्वारा ऐसी भाषा का प्रयोग अनुचित और असंवैधानिक है। वही बार के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र जुनेजा ने कहा कि राण सांगा ने अपना जीवन अपनी मातृभूमि के लिए समर्पित कर बलिवान कर दिया।

ये रहे मौजूद

बैठक में बार के प्रधान धमेंद्र अत्री, पूर्व प्रधान सौरभ दत्त शर्मा, पूर्व प्रधान मनोज कौशिक, पूर्व प्रधान गुरतेज शेखो, पूर्व प्रधान अशोक भारद्वाज, विक्रम सिंह, पूर्व प्रधान राहुल तंवर, ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के मुख्य संरक्षक एडवोकेट जयनारायण शर्मा, अग्रसेन स्कूल सेक्टर 13 मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान नितिन गोयल, अग्रसेन स्कूल सेक्टर 13 मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व प्रधान मूलचंद गुप्ता, सहदेव रढान, अनिल खानपुर, रघुबीर सिंह संधू, पूर्व एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज अमरनाथ मनोचा, शिवशरण तंवर, एडवोकेट सीबी शर्मा आदि मौजूद रहे।

भगवान परशु राम महाविद्यालय ने पाइट क्वेस्ट में जीता बेस्ट कॉलेज का खिताब

कुरुक्षेत्र। पाइट कॉलेज में आयोजित भव्य क्वेस्ट प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में भगवान परशु राम कॉलेज, कुरुक्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट कॉलेज का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में कॉलेज को पुरस्कार स्वरूप 50 इंच की स्मार्ट एलईडी टीवी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में कुल 16 कॉलेजों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 1365 विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भगवान परशुराम कॉलेज के 6 विद्यार्थी सेमीफाइनल राउंड तक पहुँचे। फाइनल राउंड में कॉलेज के बी.एससी. वर्ग के छात्र कार्तिकेय सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 1,36,000 रुपये की नकद राशि का पुरस्कार जीता।

सूचना

हम, रामकुमार पुत्र किशन चन्द तथा लीलावती पत्नी रामकुमार निवासीयान सरस्वती कॉलोनी, खेड़ी मारकंडा, डाकखाना सिरसला, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, ने अपने पुत्र अनिल कुमार व उसकी पत्नी उषा रानी को अपनी सभी चल- अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। क्योंकि ये दोनों हमारे कहने- सुनने से बाहर है। इनसे लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। हम या हमारे परिवार का दूसरा कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

खबर संक्षेप

बराड़ा उगाला से व्यक्ति हुआ लापता

बराड़ा। गांव उगाला से एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। गांव की शीतल ने पुलिस को शिकायत दी है कि उसका पति विकास बीती 6 अप्रैल 2025 की रात बिना बताए घर से कहीं चला गया। वह अब तक भी वापस नहीं लौटा है। रिश्तेदारी में भी उसका सुराग नहीं लग पाया है। अब पुलिस विकास की तलाश कर रही है।

आउटरीच कार्यक्रम में छात्रों को दिलाई शपथ

अंबाला। वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के साथ मिलकर आउटरीच एक्टिविटी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग के छात्रों को पर्सनल हाइजीन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। डॉ. मीनू राठी ने छात्रों को पर्सनल हाइजीन के बारे में जानकारी दी। उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति शपथ दिलाई।

मॉडल बनाने की गतिविधि आयोजित

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य और किशोरों में जोखिमों पर मॉडल बनाने की एक गतिविधि आयोजित की।यह मॉडल निर्माण गतिविधि विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मनोविज्ञान के छात्रों ने भाग लिया और प्रयोगशाला सहायक अनिल कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने विभिन्न जोखिमों की पहचान की।

बाइकर्स महिला के कानों से बालियां लेकर फरार



मुलाना। एक मोटरसाइकिल सवार युवक दो महिलाओं की सोने की बालियां छीनकर भाग गया। पीड़िताओं में एक बुजुर्ग महिला भी शामिल है। आरोपी ने वारदात में बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल का प्रयोग किया साथ ही उसने मुंह पर कपड़ा लपेटा हुआ था । पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांधी बस्ती के जितेंद्र कुमार ने शिकायत में बताया कि सोमवार को वह अपनी माता दीपा रानी के साथ यमुनानगर से अंबाला कैंट लौट रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार पीछे से आया और उसने दीपा रानी के कान से सोने की बाली झपट ली। इसके बाद वह फरार हो गया। आरोपी ने अपना चेहरा कपड़े से ढक रखा था और उसकी बाइक पर कोई नंबर प्लेट भी नहीं थी। जितेंद्र ने बताया कि बाद में उन्हें जानकारी मिली कि यही युवक यमुनानगर के सुरिंद्रों से भी सोने की बाली छीन चुका है। उस वक्त वह महिला अपने ननद रामा देवी और उसके पति रामेश्वर के साथ मोटरसाइकिल पर अंबाला से महरमपुर जा रही थी। यह वारदात मनका मनकी कट राधा स्वामी आश्रम के पास घटित हुई । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बे को नशा मुक्त बनाने की पहल एकजुट हुए समाजसेवी और अधिकारी

अवैध नशीली दवाई बेचने वाले मेडिकल स्टोरों पर होगी कार्रवाई पुलिस नाके लगाकर चलाएगी नशा रोकने का अभियानः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि उपमंडल को नशा मुक्त करने के लिए विशेषकर युवाओं में जागरूकता लाना जरूरी है। नशा एक धीमा जहर है जो न केवल उस व्यक्ति के शरीर व जीवन को नष्ट करता है बल्कि उसके परिवार व समाज पर भी बुरा प्रभाव डालता है। इसलिए नशे के दुष्प्रभाव बारे में स्वयं भी जागरूक हो दूसरो को भी नशे से दूर रहने बारे जागरूक करना चाहिए ताकि व्यक्ति के जीवन को नशे जैसी भयंकर बीमारी से बचाया जा सके।

दिशा निर्देश देते एसडीएम

बराड़ा। आयोजित हुई बैठक में भाग लेते हुए अधिकारीगण। फोटोः हरिभूमि

नशे को जड़ से खत्म करना होगा

एसडीएम अमित भारद्वाज ने अपने कार्यालय में क्षेत्र को नशा मुक्त कराने के लिए अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तार से जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स आदि नशे को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर माह सभी नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि नशा रोकने को लेकर पुलिस विभाग,स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य समाज सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर गांव, शहर, स्कूल व कॉलेजों में जाकर लोगों व बच्चों को जागरूक करें और नशा करने वाले लोगों पर नजर बना कर रखें ताकि उनमें सुधार लाया जा सकें।

बिना पर्ची दवा बेची तो होगी कार्रवाई

एसडीएम ने अधिकारियों को कहा कि वह सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी मेडिकल स्टोरों में नशें की प्रतिबंधित दवाओं की जांच कर रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि जिन मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशे की दवा मिलती हैं उनके संचालको पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी मेडिकल स्टोर नशे की दवाई न दें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल व कॉलेज में पढने वाले विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाए ताकि वह हर प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को बताया जाए कि नशा उनको तबाही की तरफ लेकर जाता है। डीएसपी सुरेश कुमार ने उपमंडल के थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि रूटीन में चेकिंग करें और नशा तस्करों को पकड़ कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। केवल सरकारी प्रयासों से ही नशे की समस्या को समाप्त नहीं किया जा सकता। इस मौके पर नायब तहसीलदार गीता राम, नायाब तहसीलदार मुलाना आलमगीर, थाना प्रभारी मुलाना बलकार सिंह, थाना प्रभारी बराड़ा रजत कुमार, बीईओ प्रमोद कुमार, एमओ डॉ. शेखर, आईटीआई होली अधीक्षक राम कुमार, एसएमएस कॉलेज प्रिंसिपल इंदु, प्रिंसिपल सुरिंदर शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

▶▶ सीएम स्कवॉयड की कार्रवाई से हड़कंप ▶▶ जांच के दौरान टीम ने 110 बोरियों को किया सील

मोहड़ी अनाजमंडी में किसानों को लगाया जा रहा था चूना, बोरियों में कम मिला अनाज

- आढ़ती से इस संबंध में पूछताछ की गई तो वो कोई जवाब नहीं दे पाया
- अब आढ़ती के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मोहड़ा अनाजमंडी में किसानों को चूना लगाया जा रहा था। सीएम स्क्वॉयड की जांच में इसकी पोल खुली। दरअसल सीएम स्क्वॉयड की जांच टीम ने मोहड़ा स्थित अनाजमंडी में दबिश दी थी। जब टीम एक आढ़ती के पास कार्रवाई के लिए पहुंची तो वहां रखी 110 बोरियों की जांच की। 10 बोरियों में औसतन वजन कम पाया गया। जब आढ़ती से इस संबंध में पूछताछ की गई तो वो कोई जवाब नहीं दे पाया। मौके पर मौजूद विधिक माप विज्ञान विभाग ने आढ़ती के खिलाफ आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। अनाजमंडियों में गेहूं की खरीद आरंभ हो चुकी है। इस कार्य में सरकार के निर्देशानुसार अलग-अलग एजेंसियों को लगाया गया है। इसको को लेकर सीएम स्कवॉयड की टीम दूसरे विभागीय कर्मचारियों के साथ मोहड़ा अनाजमंडी में पहुंचे। यहां लगभग चार घंटे तक टीम ने गेहूं खरीद से लेकर किसानों को मिलने वाली राशि की पड़ताल की। इस मौके पर उड़नदस्ते से एसआई हितेंद्र, एएसआई सुखविंदर सिंह, विधिक माप विज्ञान विभाग से निरीक्षक दलीप कुमार, सचिव मार्केट कमेटी अंबाला छावनी नीरज भारद्वाज, सुपरवाइजर मार्केट कमेटी सतेंद्र सिंह व खरीद एजेंसी हैफेड से धर्मेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

अंबाला। गेहूं की नमी को जांच करते पूर्व विधायक व खरीद कार्य का मुआयना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

दुकान नंबर 35 से मिली खामियां

जांच टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मोहड़ा अनाजमंडी स्थित दुकान नंबर 35 की जांच की गई जोकि आढ़ती निर्मल सिंह व मलकीत सिंह से संबंधित है। निरीक्षण के दौरान उक्त फर्म पर मौजूद जूट की 110 बोरी सील गेंहू में से 10 की जांच की गई और जब कांटे पर बोरियों का वजन किया गया तो 10 बोरियों में औसत वजन में अंतर पाया गया। इसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके।

पूर्व विधायक ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

शहजादपुर। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने बुधवार को अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों, खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों एवं किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर खरीद प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। डॉ. सैनी ने मंडी परिसर में तुलाई केंद्रों, खरीद बूथों और भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया और उपस्थित किसानों से बातचीत की। किसानों ने गेहूं की तुलाई, बारदाना, भुगतान और मंडी व्यवस्था को लेकर अपने अनुभव साझा किए, साथ ही कुछ सुधारात्मक सुझाव भी दिए। डॉ. सैनी ने इन सुझावों को गंभीरता से लिया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सैनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि गेहूं खरीद कार्य बिना किसी रुकावट, देरी या लापरवाही के संपन्न हो। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि मंडियों में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार, ढील या लापरवाही की शिकायत नहीं आनी चाहिए। सैनी ने कहा, किसान देश की रीढ़ है। उसकी मेहनत को सम्मान देना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है।

अंबाला। चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

डीएवी सीसे स्कूल में आईएमए गुलाबी पंख सत्र

छात्र खुलकर अपने परिजनों और शिक्षकों को बताएं अपनी समस्याएं

- छात्रों से की बात, मोबाइल का प्रयोग व दूसरे क्रियाकलाप मे संतुलन बना कर रखना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे आईएमए गुलाबी पंख सत्र किया गया। संस्था के चेयरपर्सन डॉ. निधि जैन (पैथोलॉजिस्ट) व डॉ हिमानी जैन कोऑर्डिनेटर ने इसमें अहम भूमिका निभाई। यह सत्र किशोरावस्था के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर था। इस सत्र मे शहर के गणमान्य डॉ. पूनम जैन (बाल रोग विशेष्ज्ञ), डॉ जसप्रीत (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीप्ति (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. वेणी व डॉ. हिमानी इस पैनल मे शामिल थे। सभी विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचारों व सुझावों द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस सत्र मे दसवीं कक्षा के लगभग सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने सभी गणमान्य डॉक्टरों का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया। सत्र के आरंभ में डॉ. पूनम जैन ने बच्चों को बताया कि किशोरावस्था मे मानसिक स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। ये मानसिक स्वास्थ्य कई बातों से जैसे किसी रिश्ते का टूटना, लड़ाई झगड़ा या शैक्षणिक भी हो सकता है। बच्चों को खुलकर अपनी समस्याओं के बारे मे अपने माता-पिता, अपने अध्यापक या स्कूल मे रखे काउंसलर से बात करनी चाहिए। डॉ. जसप्रीत ने बताया कि हम कैसे अपने नेत्रों को स्वस्थ रख सकते हैं। हमें मोबाइल का प्रयोग व दूसरे क्रियाकलाप मे संतुलन बना कर रखना चाहिए। मोबाइल का अधिकता से से ज्यादा प्रयोग हानिकारक है। करंट लगा हो या कोई डूब रहा हो, हमें उसे बचाना चाहिए। उन्होंने 108 नंबर पर काल करने के बारे मे बताया।

शिक्षकों ने मांगों का ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ 421 के बैनर तले प्राथमिक शिक्षकों और विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री तथा निदेशक मौलिक शिक्षा को एक मांग पत्र सौंपा गया। यह मांग पत्र खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा और बीआरसी मोनिका को संयुक्त रूप से प्रेषित किया गया। इस ज्ञापन में 2012 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को 1998 के नियमानुसार एसीपी (असॉर्डेड कैडर प्रमोशन) लागू करने, उल्लास कार्यक्रमों के कारण पढ़ाई प्रभावित न हो, इस पर ध्यान देने, ट्रांसफर ड्राइव शुरू करने,पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने, किसी आश्रित की मृत्यु होने पर 15 दिन का विशेष अवकाश देने का नियम लागू करने, कैशलेस मेडिकल सुविधा को प्राथमिक शिक्षकों के लिए लागू करने, विद्यालयों में स्वीपर और चौकीदार नहीं होने पर नियुक्ति की व्यवस्था करने व ऑनलाइन टीचर डायरी को प्रतिदिन की बजाय

महीने में एक बार भरने का विकल्प देने की बात कही। इस मौके पर राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, मीतू गोयल, रितु गोयल, राजकुमार, संग्राम सिंह, बंसीलाल, संजीव कुमार सहित कई अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

घुडचढ़ी को लेकर विवाद पर सांसद ने निंदा की

पुलिस को असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सांसद वरुण चौधरी ने गांव मौली में शादी के दौरान दुल्हे की घुडचढ़ी को लेकर हुए विवाद की भरसक निंदा की है। उन्होंने कहा कि संविधान के लागू होने के 75 साल भी घुडचढ़ी न होने देना बहुत गलत है। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में घुडचढ़ी न होने देना, महापुरुषों की मूर्तियां खंडित करना या महापुरुषों पर अभद्र टिप्पणियां करना जैसी घटनाएं निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकार की घटनाएं दिल और दिमाग दोनों को व्यथित करती हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों गांव मौली में हुई इस अशोभनीय घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि 75 सालों से बराबरी का दर्जा संविधान के माध्यम से मिलने के बाद भी ऐसा हो यह बहुत ही दुखदाई होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। सांसद ने कहा कि जब यह घटना हुई उस समय वे अहमदाबाद (गुजरात) में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित सेशन में थे। सांसद ने उसी समय कमिश्नर ऑफ पुलिस पंचकुला, डीसीपी पंचकुला व एसएचओ रायपुररानी को असामाजिक तत्त्वों पर केस दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए कहा था।

सांसद वरुण मुलाना।

नारियल फोड़कर नपा अध्यक्ष ने मुख्य गली के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

- चुनाव से पहले मौजगढ़ के ग्रामीणों से किया था सड़क निर्माण का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजत मलिक की अगुवाई में बुधवार को वार्ड-1 (मौजगढ़) में कम्यूनिटी सेंटर से लेकर मनोहर लाल तक तथा आंगनवाड़ी से श्री गुरु रविदास मंदिर तक की मुख्य गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत की गई। इस दौरान वार्ड के सदस्य पवन कुमार तथा स्थानीय निवासियों ने अध्यक्ष मलिक का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। वार्डवासियों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से उनकी मुख्य मांग थी जो आज पूरी हुई है। इस दौरान रजत मलिक ने कहा कि हमने कस्बे के समग्र विकास का वादा किया था। इसे पूरा करने के लिए हर वार्ड में समान रूप से काम किया जाएगा। सभी 16 सदस्यों के क्षेत्रों में अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी करतार सिंह, श्याम लाल, मेहर सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विदाई समारोह में छलके जज्बात, प्रिंसिपल ने छात्रों को दिए जिंदगी में सफल होने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को एमकॉम. द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन एमकॉम की इंचार्ज डॉ. बिन्नी पाहवा तथा रितु अरोड़ा, गगन, अनिता और अमनदीप कौर के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह में एमकॉम. प्रथम वर्ष की छात्राओं और पीजीडीसीए विभाग की छात्राओं ने मिलकर अपने सीनियर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भावुक माहौल देखने को मिला जब जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियर्स के प्रति प्रेम और शुभकामनाएं व्यक्त कीं। प्राचार्या डॉ. विज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन और विकास प्रकृति का शाश्वत नियम है। अब फाइनल वर्ष की छात्राओं को अपने नए जीवन सफर की ओर बढ़ना है। जहां वे शिक्षा से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगी।

बराड़ा। विदाई समारोह के दौरान स्टूडेंट्स और स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

14 को पीएम का कार्यक्रम | भाजपा के सक्रिय सदस्यों का बड़ागढ़ गांव में आयोजित हुआ सम्मेलन

पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

कई नेताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

नारायणगढ़ विधानसभा के भाजपा सक्रिय सदस्यों का भव्य सम्मेलन बड़ागढ़ में बड़े ही उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी रही बंतो कटारिया, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, चारों मंडलों के मंडल अध्यक्षगण, जिला सदस्य, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।सम्मेलन का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती को बढ़ावा देना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचाना रहा। सम्मेलन की शुरुआत राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारों के साथ हुई। पूरे आयोजन स्थल पर देशभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा का अद्वितीय माहौल देखने को मिला। श्रीमती बंतो कटारिया का भावनात्मक संबोधन-हर कार्यकर्ता मेरी ताकत है भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंटो कटारिया ने मुख्य वक्ता के तौर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका यह विशाल समर्थन ही चुनाव में विजय की नींव है। उन्होंने कहा, भाजपा एक परिवार की तरह है, जिसमें हर कार्यकर्ता मेरा भाई, बहन और साथी है। हम सबका लक्ष्य एक है एक सशक्त भारत और एक आत्मनिर्भर समाज। उन्होंने मोदी जी के नेतृत्व में बीते दस वर्षों में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया में नई पहचान बना चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि का मार्ग दिखाया है। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह समय पार्टी को चुनावी मोड में लाने का है और हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़े। उन्होंने 14 अप्रैल को यमुनानगर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर कहा, यह रैली राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ओर ऐतिहासिक कदम होगा। हम सबका कर्तव्य है कि इस रैली को ऐतिहासिक बनाया जाए। अपने-अपने क्षेत्रों में जनसभा, जनसंपर्क और संवाद कार्यक्रमों की योजना बनाकर उसे क्रियान्वित करें। उन्होंने गांव चलो अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।सम्मेलन में पूर्व जिला परिषद चेयरमैन सुरेंद्र राणा, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, शहजादपुर मंडल प्रधान विक्रम राणा, मारकंडा मंडल प्रधान धर्मबीर गुर्जर, नारायणगढ मंडल प्रधान जगदीप कौर, कडासन मंडल प्रधान आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

शहजादपुर। सम्मेलन को संबोधित करते करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि